राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

राजीव गांधी विद्या भवन, द्वितीय तल, शिक्षा संकुल

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन न. 0141–2715518, Email :- rajsmsa.girlsedu@rajasthan.gov.in, girlseducationsmsa@gmail.com

क्रमांक: प.6 / राप्राशिप / जय / बाशि / School Certification/2019–20 10743 दिनांक 25 / 02 / 2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा समस्त जिले।

विषयः–दिनांक 29 फरवरी, 2020 को "गुणवत्ता दिवस" के आयोजन के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि 2020 के अंत में NAS परीक्षा होने वाली है। राजस्थान को देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष राज्य बनाने के लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को कक्षा स्तर दक्षताओं में सक्षम बनाया जाए। इस संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा "गुणवत्ता दिवस" का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण राज्य में 29 फरवरी, 2020 को कक्षा 2 से 7 तक के विद्यार्थियों का RSCERT के माध्यम से तैयार किये गए हिन्दी एवं गणित विषय के दक्षता आधारित प्रश्न पत्रों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए 27 फरवरी, 2020 तक पासवर्ड संरक्षित PDF में प्रश्न पत्रों को संस्थाप्रधानों को शालादर्पण पोर्टल पर विद्यालय लॉगिन आईडी पर भेजा जायेगा। इनकी प्रिंटिंग की जिम्मेदारी PEEO / शहरी नोडल अधिकारी की होगी। प्रश्न पत्र प्रिन्टींग का व्यय संकुल सन्दर्भ केन्द्र ग्रान्ट (CRC Grant) या Composite School Grant (CSG) अथवा विद्यालय विकास कोष मद से किया जायेगा।

गुणवत्ता दिवस पर आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्रों की जांच विद्यालय के विषय अध्यापकों के द्वारा की जाकर विद्यार्थीवार डेटा प्रविष्टि शाला दर्पण पोर्टल पर की जायेगी। यह मूल्यांकन विद्यालय में पूर्ववर्ती आंतरिक परीक्षाओं और बोर्ड परीक्षाओं से भिन्न हैं और इसका प्रभाव विद्यार्थी अथवा विद्यालय के परिणामों पर नहीं होगा। इसका उद्देश्य केवल विद्यार्थियों के वर्तमान दक्षता स्तर का सटीक आंकलन करना और सुधार की योजना बनाना है जिससे राजस्थान में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का सुदृढीकरण किया जा सके। इस मूल्यांकन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों का भविष्य में राज्य स्तर पर चयन कर प्रमाणीकरण किया जायेगा एवं जिन विद्यालयों में कक्षा स्तरीय दक्षताओं की कमियां पायी जायेगी, उनको सम्बलन दिया जायेगा।

आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके नियंत्रण क्षेत्र के स्कूलों में नकल ना हो जिसके लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर Flying Squad का गठन किया जाये एवं प्रश्न पत्रों के प्रिंटिंग सहित सभी प्रकार की व्यवस्थाऐं पूर्ण करवाई जाये। मूल्यांकन परीक्षा के पश्चात प्रत्येक ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ समस्त PEEO / शहरी नोडल के समस्त विद्यालयों में गुणवत्ता दिवस के आयोजन सम्बन्धित समस्त डेटा शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करेगें।

(अभिषेक भगोतिया)
राज्य परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रा.स्कूल शि.प., जयपुर।
4. निदेशक, माध्यमिक / प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, बीकानेर।
5. निदेशक, RSCERT उदयपुर
6. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–1 एवं 2, रा.स्कूल शि.प., जयपुर।
7. समस्त उपायुक्त, रा.स्कूल शि.प., जयपुर।
8. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान समस्त जिले।
9. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान समस्त ब्लॉक, समस्त जिले।
10. समस्त पीईईओ, समस्त ब्लॉक एवं समस्त जिले राजस्थान।
11. रक्षित पत्रावली।

उपायुक्त–VI